# बकाया बिजली बिल जमा करना होगा

## बाघराज वार्ड स्थित छत्रसाल नगर की बिजली सप्लाई बाधित, आवंटित अपात्रों की सूची चस्पा

नवभारत न्यूज

**सागर 8 दिसंबर. नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने बाघराज वार्ड स्थित छत्रसाल नगर आवासीय कॉलोनी में बिजली से संबंधित समस्या के निराकरण हेतु निरीक्षण किया एवं रहवासियों से चर्चा की.**



निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि जिन रहवासियों पर बिजली बिल की बकाया राशि है, वे अपनी कुल बकाया राशि का कम से कम 1/3 हिस्सा अनिवार्य रूप से जमा करें, क्योंकि नगर निगम को अतिरिक्त बिजली बिल का आर्थिक भार वहन करना पड़ रहा है. उन्होंने कहा कि बकाया राशि जमा होने पर ही विद्युत मंडल में बिल की राशि जमा कराई जाकर अलग-अलग बिजली कनेक्शन देने की कार्रवाई संभव हो सकेगी. निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि छत्रसाल नगर आवासीय कॉलोनी में केवल पात्र व्यक्ति एवं परिवार ही निवास कर सकते हैं.

जांच के दौरान जिन व्यक्तियों के आवास निरस्त किए गए हैं, उनकी सूची सार्वजनिक सूचना हेतु कॉलोनी में चस्पा करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे आम नागरिकों को अपात्र व्यक्तियों की जानकारी मिल सके. उन्होंने किराए से रहने वाले किराएदारों से भी अपने समस्त दस्तावेज नगर निगम में अनिवार्य रूप से जमा करने को कहा. निगमायुक्त ने बताया कि जांच में यह सामने आया है कि कुछ व्यक्तियों द्वारा आवासों का अवैध विक्रय किया गया तथा कुछ लोगों ने बिना राशि जमा किए अनाधिकृत रूप से कब्जा कर लिया है, ऐसे 42 व्यक्तियों के विरुद्ध पुलिस में एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई की जा चुकी है इसके साथ ही 101 व्यक्तियों द्वारा स्वयं का आवास होने के बाद भी आवास लेकर किराए पर दिए जाने की पुष्टि हुई है, जिनके विरुद्ध राशि राजसात कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है.

उन्होंने कहा कि जांच के दौरान अपने वैध दस्तावेज अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें. निगमायुक्त श्री खत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन आवासों का आवंटन निरस्त किया गया है, उनकी जमा राशि राजसात की जाएगी एवं उन आवासों का पुन: पात्र व्यक्तियों को आवंटन किया जाएगा.

## सर्वतोभद्र जिनालय में 14 को लगेगी चाबी

**सागर.** भाग्योदय तीर्थ में बन रहे सर्वतोभद्र जिनालय के पहले खंड के गर्भग्रह की चाबी 14 दिसंबर रविवार को सुबह 8 बजे मुनि श्री निष्कंप सागर महाराज, मुनि श्री निष्कामसागर महाराज के सानिध्य में लगाई जाएगी. मुकेश जैन ढाना ने बताया कि 6 वर्ष पहले मंदिर का शिलान्यास आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के ससंघ सानिध्य में हुआ था अब तक लगभग 4 लाख 75 हजार घनफुट पत्थर लगाया जा चुका है और मार्च माह तक 50000 घनफुट पत्थर और लगाया जाना प्रस्तावित है. पहले खंड का कार्य मार्च तक पूर्ण हो जाएगा जबकि प्रथम तल के चारों ओर दीवाल बनाने का कार्य जारी है लगभग 20-20 पुट दिवाली ऊपर बन चुकी है, निर्माण समिति के सभी सदस्य मिलजुल कर कार्य कर रहे. वर्ष 2030 तक मंदिर का कार्य पूर्ण होने की संभावना है.

# एसआईआर में सागर से 42 हजार मतदाता बाहर, 21 हजार सत्यापित नहीं

नवभारत न्यूज

**सागर 8 दिसंबर. मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत अभी तक किए गए कार्यों की समीक्षा एवं सुझावों पर चर्चा हेतु ननि सभाकक्ष में सर्वदलीय बैठक का आयोजन किया गया.**



बैठक में निगमायुक्त एवं सह अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी राजकुमार खत्री ने एसआईआर सर्वे के अंतर्गत किए गए कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की. उन्होंने बताया कि सागर विधानसभा में कुल 2 लाख 16 हजार 520 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें से 42 हजार मतदाता स्थान परिवर्तन, मृत्यु अथवा अनुपस्थित पाए जाने के कारण मतदाता सूची से बाहर हो गए हैं. इसके अतिरिक्त 21 हजार 414 मतदाताओं का वर्ष 2003 की सूची से सत्यापन अभी पूर्ण नहीं हो सका है. निगमायुक्त श्री खत्री ने कहा कि यदि 11 दिसंबर तक सभी पार्षद एवं बीएलए शिविरों में सक्रिय रूप से सहयोग करें, तो शेष मतदाताओं का सत्यापन समय पर पूर्ण किया जा सकता है. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि 11 दिसंबर के बाद केवल दावा-आपत्ति प्रक्रिया एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के उपरांत ही नाम जोड़े जा सकेंगे.

> विधायक शैलेन्द्र जैन ने कहा कि सागर विस में कुल 2 लाख 16 हजार 520 मतदाता थे, जिनमें से 42 हजार मतदाता किसी न किसी तकनीकी कारण से सूची से बाहर हो गए हैं, इसलिए आने वाले चार दिन अत्यंत महत्वपूर्ण हैं. विधायक श्री जैन ने कहा कि उन्होंने आगामी चार दिनों के लिए मैंने अपने सभी अन्य कार्यक्रम निरस्त कर दिए हैं तथा सभी पार्षदों के साथ मंडल अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों को कार्य करना होगा.

## एक नजर में




### जरूरतमंद बच्चों को ऊनी स्वेटर वितरित

**सागर.** भारतीय जैन संघटना द्वारा महिला आश्रम आवासीय विद्यालय में 110 बच्चियों को स्वेटर का वितरण किया गया. बीजेएस रीजनल प्रेसिडेंट मनोज जैन लालो एवं जिला अध्यक्ष राजेश सिंघई ने बताया कि इस वर्ष भी जरूरतमंद बच्चों को ऊनी स्वेटर का वितरण किया जा रहा है. कार्यक्रम संयोजक जिला सचिव राजेंद्र जैन, जिला उपाध्यक्ष कमलेश चौधरी मौजूद थे. संचालन राकेश जैन ने किया.



### पिडरुआ में वेदी प्रतिष्ठा व कलश रोहण

**सागर.** जैन अतिशय तीर्थ क्षेत्र पिड़रुआ में बेदी प्रतिष्ठा और कलशारोहण का तीन दिवसीय कार्यक्रम मुनिश्री विमल सागर महाराज और मुनिश्री अनंत सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में चल रहा है. श्रीजी की प्रतिमाओं को बेदी पर विराजमान किया गया. मुकेश जैन ढाना ने बताया कि पहले दिन घट यात्रा निकली, याग मंडल विधान हुआ और नई वेदी पर श्रीजी की प्रतिमा जी विराजमान हुई. मंदिर में कुल 9 वेदी है.



### पुलिस पेंशनर संघ की बैठक आयोजित

**सागर.** पुलिस पेंशनर संघ की बैठक रिटायर्ड डीएसपी वीरेंद्र बहादुर सिंग के रिछावर स्थित कृष्णाश्रय पर हुई. बैठक के दौरान सभी ने अपने-अपने विचार रखे. रिटायर्ड डीएसपी रंजन तिवारी ने संघ के हित में अनेक मुद्दों पर राय दी. संचालन रिटायर्ड डीएसपी और संघ के सचिव केके रजक ने किया. आभार संघ अध्यक्ष देवीशंकर तिवारी ने जताया. बैठक में, मनोज वर्मा, डीआर कोरी, वीर सिंग ठाकुर, अरुण दुबे, रघुवीर सिंह राजपूत,रणछोड़ी मिश्रा, भरत सिंह, जाहर सिंह, नरेंद्र सिंह, दिलीप पांडे, लज्जाशंकर मिश्रा, रविशंकर दुबे, जेके दीक्षित, शोभाराम राय, मनोज वर्मा,आरके गौतम,एसएस गिरी, संकटा प्रसाद मिश्रा मौजूद रहे.



### करणी सेना ने किया एसपी ऑफिस पर प्रदर्शन

**सागर.** करणी सेना परिवार ने एसपी कार्यालय में प्रदर्शन किया. करणी सैनिकों के आरोप हैं कि पुलिस अधीक्षक और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को पूर्व में मांगों के चलते सौपे गए ज्ञापनों पर कोई ठोस कार्यवाही नही की गई. राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर के आव्हान पर प्रदर्शन 21 दिसंबर को हरदा में हैं, इस के बाद अगर पुलिस का रवैया नही बदला तो अगला धरना प्रदर्शन सागर में होगा. प्रदर्शन में शैलेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह ठाकुर, अक्षय प्रताप सिंह, जितेंद्र सिंह ठाकुर, सचिन सिंह राजपूत, गजेंद्र ठाकुर, भूपेंद्र सिंह राजपूत, अक्षय सिंह ठाकुर,भानु प्रताप सिंह, गोविंद राजपूत, जितेंद्र सिंह खुरई, राम राजा चढ़ा, कार्तिक सिंह, आरव सिंह मौजूद थे.



### डाटा फीडिंग को सुरक्षित बनाने स्मार्ट फोन मिले

**ललितपुर.** विकासखंड बिरधा के पंचायत सहायकों ने पंचायत स्तर पर होने वाली डाटा फीडिंग को सुरक्षित बनाने के लिए स्मार्टफोन की मांग का ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा. पंचायत सहायकों के एक समूह ने जिला सचिव अभिषेक बबेले और ब्लॉक अध्यक्ष रामबाबू के नेतृत्व में खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन पर भूपेंद्र रमेशरा,अभिषेक बरोदिया,अजय बेटना,राजेंद्र झरकोंन, प्रमेंद्र, शिल्पी, कलावती, कुसुम सहित अन्य पंचायत सहायकों के हस्ताक्षर बताए गए हैं.

# कांग्रेस की बैठक हुई आयोजित




नवभारत न्यूज

**सागर 8 दिसंबर. जिला कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण की समन्वय समिति की बैठक का आयोजन राजीव गांधी भवन कांग्रेस कार्यालय में किया गया.**

बैठक की अध्यक्षता शहर जिला अध्यक्ष महेश जाटव एवं ग्रामीण जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा ने की. समन्वय समिति में प्रमुख रूप जिला ग्रामीण प्रभारी घनश्याम सिंह पूर्व विधायक, जिला शहर प्रभारी मनोज कपूर एवं जितेंद्र जैन क्रांतिकारी उपस्थित रहे. एसआइआर एवं 14 दिसंबर को दिल्ली में होने वाली वोट चोर गद्दी छोड़ रैली के संबंध में चर्चा की गई. पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर, सुरेंद्र चौधरी, सुनील जैन, संतोष पांडे त्रिलोकीनाथ कटारे आदि ने संबोधित किया.

# योग से निरोगी काया के साथ नया जीवन मिलता

नवभारत न्यूज

**सागर 8 दिसंबर. योग निकेतन योग प्रशिक्षण धाम के 55 वे वार्षिक स्थापना दिवस समारोह के समापन पर मुख्य अतिथि संत रविशंकर महाराज ने कहा कि योग हमें निरोग रखता है. योग परंपरा हमें शांति शक्ति, विश्वास और नया जीवन देता है. हम सभी को योग परंपरा से जुड़ना चाहिए, हमें सुबह ध्यान योग आदि करना चाहिये और सात्विक जीवन व्यतीत करना चाहिए.**



रावतपुरा सरकार ने कहा कि वैसे तो योग संतो की विद्या मानी जाती है. लेकिन सांसारिक जीवन में भी योग परंपरा का उतना ही महत्व है. उन्होंने कहा कि योगाचार्य विष्णु आर्य लंबे समय से योग से जुड़े है, मुझसे भी लंबे समय से जुड़े है. हमारे संस्थानों में योग के कार्यक्रम करते है. महाराज जी ने बताया कि योग धाम में श्री राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी की पूजा हवन होता है, इसको करना चाहिए. संस्थापक योगाचार्य विष्णु आर्य ने कहा कि योग पद्धति से हमारे शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक उन्नति संभव है. संत रावतपुरा सरकार का स्वागत भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, भाजपा नेता डॉ. सुशील तिवारी, अध्यक्ष रामनारायण यादव और कार्यक्रम संयोजक सुबोध आर्य और अमित गुप्ता ने किया.

## स्वास्थ्य शिविर संपन्न

**सागर.** डॉ हरिसिंह गौर जयंती पखवाड़ा के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गंभीरिया में 108 अलायंस क्लब मातृ छाया क्लिनिक के तत्वाधान में हृदय के बचाव जागरूकता स्वास्थ्य एवं मानसिक विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया. चिकित्सा प्रकोष्ठ मकरोनिया मंडल, डॉ.लखन पटेल सहित कार्यक्रम में उपस्थित विशेषज्ञों ने बच्चों को जीवन और स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन दिया. सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उत्तम स्वास्थ्य और स्वस्थ विचार की शपथ ली. इस दौरान पुनीत श्रीवास्तव, कालूराम पटेल, अमित पटेरिया,भानु प्रताप पवार, प्रिया पांडे मौजूद थीं.

# नारी शक्ति का स्त्रोत है सप्तशक्ति संगम

नवभारत न्यूज

**रहली 8 दिसंबर. सरस्वती शिशु मंदिर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ.**




कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती जया सोनी, मुख्य अतिथि श्रीमती सविता ठाकुर जनपद उपाध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि श्रीमती अनीता पटैल ने कहा कि नारी शक्ति का स्त्रोत है सप्तशक्ति का अर्थ है आत्मशक्ति, ज्ञानशक्ति, कर्मशक्ति, भावना शक्ति, सहनशक्ति, सृजनशक्ति, रक्षा शक्ति जैसी सात शक्तियां के बारे में बताया. मुख्य वक्ता राजमणी तिवारी, सुमन जैन, रीता कुर्मी और रूचि जैन ने परिवार में संस्कार के लिए माँ की भूमिका महत्तवपूर्ण होती है. पूर्व पार्षद सुलोचना सोनी द्वारा महिलाओं की भूमिका विषय पर कविता का वाचन किया. सविता ठाकुर ने कहा कि महिलायें घर परिवार एवं समाज को आगे बढ़ाती है. सविता पटैल ने नारी शक्ति पर कविता का वाचन किया.

कार्यक्रम प्रभारी नीलिमा सेंधिया ने स्वागत किया. रानी दुबे ने प्रस्तावना प्रस्तुत की. संचालन रश्मि पटैरिया द्वारा किया गया. ममता शुक्ला ने आभार व्यक्त किया. प्राचार्य रामस्वरूप विश्वकर्मा एवं दीदीयों, आचार्य का कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया.

# जीवन में संयम लाने के लिए भागवत कथा पढ़ें

## खिमलासा व खुरई के सेवन में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन, नशे से दूर रहना होगा

नवभारत न्यूज

**खुरई 8 दिसंबर. भगवान श्री कृष्ण का जन्म कारागाह में हुआ था और उन्हें जन्म के बाद ही नदी पार करा के गोकुल ले जाया गया, उन्होंने कम आयु में असुरों से युद्ध किया, कम आयु में ही उन्होंने घर का त्याग किया और उज्जैन में शिक्षा प्राप्त की. उनका जीवन हमेशा संघर्ष मय था परन्तु उन्होंने धर्म, धैर्य और संयम यह तीन सूत्र हम सभी को दिए. दशहरा मैदान में आयोजित संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के आयोजन में शामिल युवा भाजपा नेता अविराज सिंह ने विचार रखे.**



श्री सिंह ने कहा कि आज के समय में संयम और कभी क्रोध न आना बहुत अर्थपूर्ण है, हमें अगर जीवन में संयम लाना है तो श्री रामचरित मानस, श्रीमद भागवत कथा पढ़ना चाहिए, इन से ही हमारे अंदर संयम और धैर्य आता है, उन्होंने कहा कि हम हमेशा धर्म के साथ अपना कर्म करते चलें। जो कुछ होगा हमेशा अच्छा ही होगा यह भावना हमारे अंदर होनी चाहिए. हमारे अंदर यह भावना भी होनी चाहिए कि यह जिन भगवान श्री कृष्ण ने हमें अभी तक संभाला है वह आगे भी संभाल लेंगे. श्री सिंह ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण जी श्री मद्भागवत गीता जी में कहते हैं कि जो कुछ होता है अच्छे के लिए होता है और आगे भी जो कुछ होगा अच्छे के लिए ही होगा, इस विश्वास पर आस्था प्रगाढ़ होना चाहिए. उन्होंने बताया कि एक रिपोर्ट के अनुसार भारत के 60 प्रतिशत से ज्यादा युवा 21 वर्ष से कम आयु में नशे का शिकार बन रहे है. नशा प्रतिभा, सामर्थ्य, समाज व सोचने की क्षमता प्रदेश-देश खराब कर देता है.

रूद्राक्ष धाम मंदिर में 31 जनवरी से 6 फरवरी 2026 तक आयोजित रामकथा एवं दक्षिणमुखी श्री देव हनुमान जी के नवनिर्मित मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा की कथा व्यास पं. विपिन विहारी महाराज को आमंत्रण पत्रिका भेंट की. श्री सिंह ने सेवन, बांदरी में रामजानकी हनुमान जी मंदिर में श्री रामचरित मानस के अखंड पाठ एवं हवन-पूजन एवं भंडारे में भी शामिल हुए.




# बीना में हाट बाजार का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**बीना 8 दिसंबर. गल्ला मंडी प्रांगण में प्राकृतिक एवं जैविक हाट बाजार का शुभारंभ किया गया. अध्यक्षता विधायक निर्मला सप्रे ने की तथा मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष उषा राय उपस्थित रहीं.**

यह हाट बाजार प्रत्येक सप्ताह एक दिन मंडी प्रांगण में ही लगाया जाएगा. केवल वे किसान, जो प्राकृतिक व जैविक विधि से फसल उगाते हैं और रजिस्टर्ड हैं, वही इस बाजार का हिस्सा बन सकेंगे. कृषि विभाग की ओर से खुरई के एसडीओ जयदत्त शर्मा, नायब तहसीलदार हेमरज मेहर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बीना अवधेश राय एवं राजू चौहान, जनप्रतिनिधि राजा बाबू यादव, शैलेश शाह, राजेंद्र ठाकुर, रतन यादव, राजा भाई ठाकुर, सौरभ अग्रवाल, जनपद उपाध्यक्ष अमर प्रताप सिंह, राजेंद्र ठाकुर, अजय पटेल, वीर भद्र बुंदेला मौजूद रहे.

इस अवसर पर प्राकृतिक जैविक हाट बाजार के शुभारंभ ने क्षेत्र में जैविक कृषि को नई गति और नई दिशा प्रदान की है.

## स्मरण दिवस पर आज वाचनालय में कार्यक्रम

**सागर.** श्री सरस्वती पुस्तकालय एवं वाचनालय ट्रस्ट द्वारा वरिष्ठ साहित्यकार उमाशंकर शुक्ल की 101 वां जन्म स्मरण दिवस 9 दिसम्बर 2मंगलवार को शाम 4 बजे सरस्वती पुस्तकालय एवं वाचनालय के स्वराज सभागार में स्मरण दिवस का आयोजन किया गया है. पूर्व कुलपति दीपक तिवारी मुख्य वक्ता होगे. डॉ हरीसिंह गौर के कुलपति प्रो वायएस ठाकुर मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष पूर्व सांसद लक्ष्मीनारायण यादव होगे. संस्था के सचिव शुकदेव तिवारी ने बताया कि शुक्ल का जन्म 1924 में नरयावली में हुआ था. सागर विश्वविद्यालय में प्रेमचंद के पश्चात हिन्दी कहानी के विकास पर आचार्य पंडित नंददुलारे बाजपेयी के मार्गदर्शन में कार्य किया. सागर में महादेवी वर्मा को लाने का श्रेय उन्हें जाता है.


## कार्यालय नगर पालिका परिषद गढ़ाकोटा जिला सागर

क्र.1057/PWD/2025-26 गढ़ाकोटा दिनांक: 08.12.2025

**//निविदा सूचना//**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाइट http:// mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| टेंडर क्र. | कार्य का विवरण | निविदा लागत | EMD | निविदा का प्रपत्र का मूल्य | निविदा की अंतिम तिथि | कार्य की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2025_UAD_466522_1 | Open Gym Establishment in Various Ward In Garhakota | 30,97,500/- | 23,231/- | 5,000/- | 08 Jan 2026 | 12 MONTHS |
| 2025_UAD_466523_1 | Khel Parishar Vistar & Other Work Sardar Ballabh Bhai Stadium At Garhakota | 87,81,456/- | 65,860/- | 10,000/- | 08 Jan 2026 | 12 MONTHS |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का संशोधन ऑनलाइन बेवसाईट http:// mptender.gov.in की बेवसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद गढ़ाकोटा



